मूल्यः एक रुपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–7, अंक–11, जनवरी 2008

KAM 57333

किसी भी ट्रेड संबंधित जानकारी हेतु कृपया KAM टाइप कर 57333 पर एसएमएस करें।

## 13वें स्थापना दिवस पर कामधेनु का उद्‌घोष "कल हमारा है"

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के 13वें स्थापना दिवस पर देश के कोने–कोने से आए डीलरों, डिस्ट्रीब्यूटरों एवं कर्मचारियों का उत्साह उस समय अपने चरम पर पहुँच गया जब कंपनी के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने विजयी उद्‌घोष के साथ यह नारा दिया – **"कल हमारा है"**। दिल्ली के सुब्रतो पार्क में स्थित "एयरफोर्स ऑडिटोरियम" में आयोजित इस भव्य समारोह में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशकों के साथ साथ कामधेनु की सभी फ्रेंचाइजी कंपनियों के निदेशक, वरिष्ठ अधिकारी गण और देश भर से आए कंपनी के हजारों डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर मौजूद थे।



**स्थापना दिवस के अवसर पर फेंचाइजी सहयोगियो का स्वागत करते हुए सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल, कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, श्री सौरभ अग्रवाल, श्री सचिन अग्रवाल के साथ श्री आयुश अग्रवाल**

समारोह का शुभारंभ कंपनी के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल के साथ कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, श्री सौरभ अग्रवाल, श्री सचिन अग्रवाल के अलावा श्री नरेश जैन एवं श्री नीरज जैन ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पिछले 13 वर्षों से आयोजित होने वाले इस समारोह में कामधेनु से जुड़े देश भर के कर्मठ सदस्यों ने मौजूद हो कर कामधेनु पर विश्वास और एकता का उदाहरण पेश किया। हर नया साल कंपनी के नेटवर्क में सैकड़ों नए नाम जोड़ता आ रहा है। कामधेनु की कामयाबी की दास्तान लिखने में हर सदस्य ने अपना अमूल्य योगदान दिया है, जिसकी बदौलत 1995 में एकमात्र टीएमटी मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट से अपना सफर आरंभ करने वाली कंपनी आज स्टील ही नहीं, बल्कि कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में 38 फ्रेंचाइजी यूनिटों के साथ एक जाना–माना नाम बन चुकी है।



**कार्यक्रम के दौरान ईनामी कूपन विजेता श्री विनोद गहलौत को पुरस्कार देते हुए निदेशक श्री सौरभ अग्रवाल एवं श्रीमती प्रियंका अग्रवाल**

समारोह को संबोधित करते हुए कंपनी के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने कहा – "कल के गर्भ में ही हमारी सफलता के बीज मौजूद हैं। हम जैसा कल चाहते हैं, उसका निर्माण आज करते हैं। हमारा आज ही हमारे कल को नयी दिशा देगा। कामधेनु इस्पात लि. के 13 गौरवशाली वर्ष हमारे

शेष पृष्ठ 3 पर...

# कामयाबी का स्वाद : "बेस्ट एम्प्लायी ऑफ द ईयर" पुरस्कार



'बेस्टएम्पलायीऑफ द ईयर' पुरस्कार वितरण के दौरान कामधेनु इस्पात लि. के सीएमडी श्री सतीष अग्रवाल, श्री मती राधा अग्रवाल, श्री मती सरिता अग्रवाल के साथ निदेषक श्री सुनील अग्रवाल श्री हरीष अग्रवाल को पुरस्कृत करते हुए

कामधेनु परिवार से जुड़े सभी सदस्यों एवं कर्मचारियों के लिए स्थापना दिवस का एक विशेष महत्व होता है। इस मौके पर कंपनी की सफलता में बहुमूल्य योगदान देने वाले कर्मचारियों को "बेस्ट एम्प्लायी ऑफ द ईयर" पुरस्कार से नवाजा जाता है, जो अलग–अलग क्षेत्र में उनके सराहनीय कार्यों का प्रतिफल होता है। यह सिलसिला इस बार भी कायम रहा। कंपनी की सफलता के नींव के पत्थर के रूप में जो एक नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा वह था, कंपनी के सीएफओ श्री हरीश अग्रवाल का, जिन्हें कॉरपोरेट वर्किंग में उनके सर्वोत्कृष्ठ योगदान के लिए "बेस्ट एम्प्लायी ऑफ द ईयर" का पुरस्कार दिया गया। श्री हरीश अग्रवाल ने कदम–दर–कदम कामधेनु इस्पात लि. का साथ निभाया और अपनी व्यावसायिक कुशलता एवं सूझ–बूझ का परिचय देते हुए कंपनी की बढ़ोत्तरी में बहुमूल्य योगदान दिया है।

उनके साथ ही बिजनेस डेवलपमेंट में अपने बेहतरीन कार्यों के लिए गुड़गाँव कार्यालय में एजीएम श्री विवेक महेश्वरी एवं फ्रेंचाइजी ऑपरेशन में बहुमूल्य योगदान के लिए बिहार के श्री वी. के. श्रीवास्तव को "बेस्ट एम्लायी ऑफ द ईयर" पुरस्कार दिया गया।

प्लांट ऑपरेशन में अपनी कार्यकुशलता का बेहतरीन नमूना दिखाने वाले कामधेनु भिवाड़ी इकाई के मैनेजर, क्वालिटी कंट्रोल, श्री हिमेश माथुर, गुड़गाँव कार्यालय में फाइनांस एंड अकाउंट विभाग के श्री रवि सैनी तथा श्री मनीष गौतम को कंपनी में उनके बेहतरीन योगदान के लिए यह पुरस्कार दिया गया। •

# टाटा के नैनो ने क्रेजी किया रे.....




टाटा के लखटकिया कार ने पश्चिम बंगाल की राजनीति में चाहे जितना भी उबाल लाया हो, लेकिन आखिरकार इसपर से पर्दा उठ ही गया और लोगों ने जी भरकर नैनो का दीदार किया। नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित नौवें ऑटो एक्सपो के दूसरे दिन जब नैनो की खूबियाँ सामने आयी तो सबकी आँखें खुली की खुली रह गई। इसका जादू इस कदर चला कि बड़े–बड़े दिग्गज चारो खाने चित नजर आए। जिन लोगों ने श्री रतन टाटा के इस अनूठे सपने को हकीकत से कोसों दूर बताया था, आज वे दाँतों तले उंगली दबाने पर मजबूर हैं।

टाटा के नैनो के वार से घायल इसके प्रतिद्वंद्वियों ने तो आनन–फानन में इससे भी सस्ता कार बनाकर दिखाने की हिमाकत कर डाली। इसी के साथ छोटे कारों के बाजार में एक नयी होड़ शुरू हो गई है। लेकिन इसके साथ ही कई सवाल भी उठ खड़े हुए हैं।

एक ओर तो सस्ते कारों की ओर लोगो का जुनून और दूसरी ओर लगातार बढ़ती ट्रैफिक की समस्या। इसका एक नजारा तो ऑटो एक्सपो के दौरान ही देखने को मिला, जब वहाँ जुटी भीड़ के कारण ट्रैफिक घंटों तक रुका रहा। लखटकिया कार को लेकर पहले यह संभावना जतायी जा रही थी, कि एक तो हमारे देश की सड़कें इतनी खराब हैं कि इनपर दौड़ने के बाद इसके लाइफ की गारंटी नही ली जा सकती। दूसरी परेशानी माइलेज को लेकर थी। लेकिन नैनो का मॉडल इन सभी सवालों का एक करारा जवाब बनकर सामने आया। यही कारण है कि आम जनता अभी से नैनो की दीवानी हुई जा रही है।

नैनो के साथ ही ऑटो एक्सपो में कांसेप्ट कारों का काफिला भी सामने आया। इसमें डिजाइन और लग्जरी का बखूबी ख्याल रखा गया है। साथ ही हाई स्पीड और लम्बी उम्र वाली इन कारों को वर्ल्ड क्लास तकनीकों और खूबियों से नवाजा गया है। अधिक से अधिक संख्या में महंगी गाडियाँ रखने के शौकीनों के लिए ये कांसेप्ट कारें अच्छा विकल्प बनकर सामने आयी हैं। सच कहें तो कारों की दुनिया में आज बेकरारी का आलम है। •

# हिमाचल के डीलरों ने की दुबई की सैर

कामधेनु इस्पात लि. की ओर से कई कर्मठ डीलरों को दुबई की आलीशान खूबसूरती का लुत्फ उठाने का मौका मिला। इस शानदार सफर में करीब चालीस डीलर बंधुओं ने हिस्सा लिया। इस सैर में श्री राकेश मिशरी, एजीएम, कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने भी हिस्सा लिया।

इस मौके पर डीलरों ने जी भरकर वहां के नजारों को अपनी यादों में संजोया। एक ओर जहाँ डेजर्ट सफारी का रोमांच था तो दूसरी ओर वाटर सफारी का। जुमेरा बीच में डीलरों ने सागर की लहरों से खेलकर अपनी थकान उतारी।

इस रोमांचक टूर का भरपूर मजा उठाते हुए कामधेनु डीलरों ने हर पल का लुत्फ लिया। श्री नरेश बंसल के अनुसार दुबई की सैर उनके जीवन की कुछ चुनिंदा पलों में जुड़ गयी हैं और वे इसे स्वयं के लिए एक उपलब्धि मानते हैं। कुछ ऐसे ही खयालात थे श्री स्वर्ण सिंह के, जिनके लिए यह सैर मौज के अलावा काफी कुछ सीखने के अवसरों से भरा था।




डीलर मीट को संबोधित करते हुए कामधेनु इस्पात लि. के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल



डेजर्ट सफारी का लुत्फ उठाते हुए डीलर बंधु अपने परिवार के सदस्यों के साथ

यह मौका डीलरों के उत्साह को बढ़ाने एवं कामधेनु के प्रति उनके बेहतरीन योगदान का पुरस्कार था। डीलरों को मध्य दुबई के अल करामा होटल में ठहराया गया। सैर के दौरान ही वहाँ के कोकोनट बैंकट में एक डीलर मीट का भी आयोजन किया गया, जिसमें डीलरों का उत्साह और उमंग अपने चरम पर था। वापस लौटने से पहले डीलरों ने गोल्ड सुक की शॉपिंग का भी अनुभव लिया। साथ ही अपने कैमरों में दुबई के खूबसूरत नजारों को भी कैद किया। •

पृष्ठ 1 से आगे

मजबूत इरादों, नई एवं सूझ–बूझ से भरी व्यावसायिक नीतियों की सौगात है। यही नहीं हमारा प्रत्येक सहयोगी विश्वास से भरे ठोस कदमों के साथ बेहतर कर दिखाने की अदम्य इच्छाशक्ति संजोए है, इससे हम दावे के साथ कह सकते हैं कि आने वाला "कल हमारा है"।'

कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने अपनी कामयाबी के हर कदम पर कॉरपोरेट सोशल जिम्मेदारी को तरजीह दी है। इसके लिए कंपनी ने कामधेनु जीवनधारा का गठन किया है, जिसके अन्तर्गत सामाजिक कल्याण के अनेक कार्य सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं। इसके संबंध में जानकारी देते हुए श्रीमती राधा अग्रवाल ने कहा, 'कामधेनु जीवनधारा के अन्तर्गत गुड़गाँव के स्लम एरिया में हम बच्चों में स्कूल जाने की आदत डाल रहे हैं, जिसके लिए मिड डे मील के जरिये उन्हें भोजन के साथ–साथ ज्ञानवर्द्धन के लिए पुस्तकें भी उपलब्ध कराया जा रहा है।' इसके अलावा "भारत विकास परिषद" के ब्लड डोनेशन कैंप में कामधेुन परिवार के सदस्यों ने रक्तदान भी किया है। राजस्थान मित्र परिषद के साथ मिलकर विकलांगों को कृत्रिम अंग (हाथ–पैर) उपलब्ध कराए गए हैं। इस तरह के समाजोपयोगी कार्यों में कामधेनु परिवार ने हर कदम पर बढ़–चढ़कर साथ दिया है और यह सिलसिला आगे भी चलता रहेगा।

अपने कॉरपोरेट विज़न के मद्देनज़र कामधेनु इस्पात लिमिटेड विदेशों का भी रूख कर रही है। इस योजना के तहत कंपनी ने कामधेनु टीएमटी के साथ नेपाल में अपनी अलग पहचान कायम की है।

श्री सतीश अग्रवाल ने इस समारोह के मौके पर अपने डीलरों के लिए एक विशेष प्रायरिटी डीलरशिप स्कीम की घोषणा की। इसके तहत चुने हुए डीलरों को कंपनी की ओर से वे तमाम सुविधाएँ हासिल होंगी, जिससे वे अपने क्षेत्र में बेहतर लाभ और सुविधाओं का फायदा उठाकर पूरे विश्वास के साथ कामधेनु की सफलता में नए मील के पत्थर जोड़ सकेंगे।



स्थापना दिवस के अवसर पर एक रंगारंग कार्यक्रम के दौरान कामधेनु परिवार के वरिष्ठ अधिकारी गण एक अलग ही अंदाज़ में

इस विशाल आयोजन का सभी ने भरपूर आनंद लिया। इस दौरान लोगों ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों के विविध नृत्य कार्यक्रमों, फैशन शो, हास्य कार्यक्रमों के साथ–साथ कामधेनु परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के द्वारा प्रस्तुत आकर्षक रंगारंग कार्यक्रमों का भरपूर आनंद लिया। इस दौरान कामधेनु परिवार खुशी की लहरों में सराबोर नजर आया। इस यादगार समारोह का समापन पूरे हर्ष, उल्लास और नए उमंगों के साथ किया गया। •

RNI. No.: DELHIN/2000/4125, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2006-08


# होटल डिजनी-इन में जुटे सैकड़ों मेसन

कामधेनु के बारे में जागरूकता पैदा करने एवं कंपनी का संदेश अपने उपभोक्ताओं तक पहुँचाने के लिए 24 दिसंबर को हरिद्वार के होटल डिजनी–इन में एक शानदार सम्मेलन आयोजन किया गया। इस आयोजन में 100 से अधिक मेसन्स, बिल्डरों एवं इंजिनीयरों ने हिस्सा लेकर कामधेनु के भरोसे को और मजबूत किया। सम्मेलन का उद्घाटन संध्या 5.00 बजे हुआ और डिनर के साथ इसका समापन किया गया।

कामधेनु इस्पात लि. के जीएम श्री एस.बी. शर्मा ने मेसन्स एवं बिल्डरों को संबोधित करते हुए कंपनी के उत्पादों एवं प्राथमिकताओं के बारे में कई अहम जानकारियों से अवगत कराया। श्री चंदन गोस्वामी, मैनेजर, ब्रांड प्रोमोशन ने भी पूरे आयोजन के दौरान सक्रिय योगदान दिया। श्री हरीश गौतम ने वहाँ मौजूद लोगों को तकनीकी जानकारियों से अवगत कराया।



**सम्मेलन के दौरानः कामधेनु इस्पात लि. के जीएम श्री एस.बी. शर्मा, मैनेजर ब्रांड प्रोमोशन, श्री चंदन गोस्वामी, श्री हरीश गौतम, डिस्ट्रीब्यूटर श्री सुनील अग्रवाल, डीलर श्री विकास गुप्ता**

इस आयोजन में कामधेनु इस्पात लि. के डीलर मेसर्स रामा ट्रेडर्स के श्री विकास गुप्ता एवं श्री गौरव गुप्ता की बहुमूल्य भूमिका रही। साथ ही डिस्ट्रीब्यूटर श्री सुनील अग्रवाल ने क्षेत्र में अपने सम्पर्कों का फायदा उठाते हुए मेसन्स से कामधेनु के उत्पादों को अपनाने की अपील की।

उपभोक्ताओं को अपने उत्पादों के बारे में जागरूक करने के मकसद से कामधेनु समय–समय पर सीएपी एवं मेसन्स मीट का आयोजन करती है। यह कंपनी के उत्पादों से स्थानीय लोगों को जोड़ने का एक अहम जरिया है। साथ ही इससे डीलरों–डिस्ट्रीब्यूटरों का उत्साहवर्धन भी होता है। इस तरह के आयोजन इस बात का प्रमाण हैं कि कामधेनु अपने उपभोक्ताओं के हितों को लेकर कितनी सजग है।

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर आफ द मंथ



श्री मुकेश कुमार गुप्ता
**मेसर्स / जनता बी / एम स्टोर**
ए–12, समयपुर, बादली
दिल्ली
मो. 09818662170

श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल
**मेसर्स / अग्रवाल ऑयरन स्टोर**
काठ मंडी, बहादुरगढ़
हरियाणा
मो. 09416055906

श्री सचिन अग्रवाल
**मेसर्स / एमएल इंटरप्राइज**
रामपुर रोड, हल्द्वानी
उत्तराखंड
मो. 0983771977

## बिहार ट्रेड फेयर में लहराया कामधेनु का परचम

बिहार के मुजफ्फरपुर में 15 दिसंबर से 18 दिसंबर के बीच एक भव्य ट्रेड फेयर का आयोजन किया गया, जिसमें कामधेनु इस्पात लिमिटेड का परचम शान से लहराया। इस आयोजन की यह खासियत रही कि जिले भर के इंजीनियरों ने न केवल अपना पूरा सहयोग दिया बल्कि उपभोक्ताओं के साथ बातचीत कर कामधेनु के उत्पादों की खूबियों को भी बताया। इस अवसर पर श्री अखिलेश सिंह ने स्टॉल पर आए उपभोक्ताओं एवं बिल्डरों की जिज्ञासा का समाधान किया।

समारोह में कामधेनु की ओर लोगों का सहज रुझान देखकर ऐसा लगा कि कंपनी के उत्पादों के बारे में मुजफ्फरपुर और आस–पास के उपभोक्ता अच्छी तरह वाकिफ हैं। यहाँ लोगों ने कंपनी के अन्य उत्पादों के बारे में भी जानकारी हासिल की।

इस अवसर पर कामधेनु की सहयोगी इकाई दादीजी स्टील लिमिटेड के निदेशक श्री शिशिर गुप्ता ने इंजीनियरों के साथ बातचीत कर कामधेनु के संदेश को घर–घर पहुँचाने का आग्रह किया। मुजफ्फरपुर के डिस्ट्रीब्यूटर श्री महेश टिकामाणि ने स्थानीय लोगों से कामधेनु के उत्पादों के बारे में अपने सगे–संबंधियों को भी अवगत कराने पर जोर दिया, जिससे कि अधिक से अधिक लोग कामधेनु से जुड़ सकें। समारोह में यहाँ के लोगों का उत्साह देखने लायक था।




**कामधेनु स्टॉल का दृश्य**

Printed at Mehta Offset Works, A-16 (East), Naraina-II, New Delhi

Owned by Pradeep Agrawal, on behalf of KIL, 5/2 Punjabi Bagh Ext. Delhi-110026, Ph. 25933404-08, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13-I.P.Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13- I.P.Extn., Delhi 110092, Tel: 011-22781140-41, 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com